कार्यालय अपर पुलिस आयुक्त,कानून एवं व्यवस्था,कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक 22.08.2024

उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस के पदो पर सीधी भर्ती-2023 को प्रक्रियानुसार सकुशल निर्विघ्न, निष्पक्षतापूर्वक एवं शुचितापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस द्वारा प्रत्येक स्तर पर की जा रही कार्यवाही के सम्बन्ध में:-

- **उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस के पदो पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा दिनांक 23,24,25 एवं 30,31 अगस्त 2024 को आयोजित की जा रही है।**
- **लिखित परीक्षा प्रथम पाली - प्रातः 10.00 बजे से मध्याह्न 12.00 बजे तक**
  द्वितीय पाली- अपराह्न 03.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक
- **कमिश्नरेट वाराणसी में कुल 80 परीक्षा केन्द्रो पर परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।**
- **उक्त परीक्षा में प्रत्येक पाली में 33984 अभ्यर्थी एवं एक दिवस में कुल 67968 अभ्यर्थी तथा सम्पूर्ण परीक्षा में कुल 339840 अभ्यर्थीयों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।**
- **अभ्यर्थीयों की भारी संख्या को दृष्टिगत रखते हुए यातायात व्यवस्था:-**

आवागमन के दौरान परीक्षर्थियो द्वारा निम्नाकिंत महत्वपूर्ण मार्गो का अत्यधिक प्रयोग किया जायेगा।

- गोलगड्डा, विश्वेश्वरगंज, मैदागिन चौराहा, बुलानाला
- अमर उजाला, नई सड़क, रामापुरा
- गोदौलिया, पाण्डेय हवेली, अस्सी रोड
- रथयात्रा, गुरूबाग, कमच्छा मार्ग
- भिखारीपुर, मालवीय चौराहा, सामने घाट
- मलदहिया, विद्यापीठ, सिगरा चौराहा

यातायात व्यवस्थापन हेतु कुल 09 निरीक्षक यातायात, 40 उ0नि0 यातायात, 183 हे0का0/का0 यातायात, 05 म0का0 यातायात एवं 108 होमगार्ड्स नियुक्त किये गये है, साथ ही प्रमुख चौराहो पर क्रेन की व्यवस्था करते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन किया जायेगा।

- **उक्त पुलिस परीक्षा में गैर प्रान्त हरियाणा, झारखण्ड, मध्य प्रदेश, राजस्थान के अलावा राज्य के अन्य जनपदो से भी परीक्षर्थी सम्मिलित होंगे।**
- **अभ्यर्थी रेलवे/बस से आयेगें जिसके निमित्त रेलवे स्टेशन व बस स्टेशन से शहर की तरफ तथा परीक्षा केन्द्र वाले रास्ते चौराहो/तिराहो पर यातायात स्तर से पुलिस बल की ड्यिूटी के साथ थाना स्तर पर भी पर्याप्त पुलिस बल का व्यवस्थापन किया जा रहा है।**
- **परीक्षा केन्द्र पर सुरक्षा व्यवस्था:-**

- प्रत्येक परीक्षा केन्द्रो पर पर्याप्त संख्याः अभियूचना कर्मी को एच0एच0एम0डी0 के साथ तैनात किया गया है।
- प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर बायोमेट्रिक्स सत्यापन के उपरान्त ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जायेगा।

- किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के मोबाइल, घडी, इलेक्ट्रानिक्स सामग्री व बैग इत्यादि ले जाने की अनुमति नही है।
- परीक्षर्थीयों की सूविधा के लिए जगह-जगह हेल्प डेस्क बनाये गये है।
- प्रत्येक परीक्षा केन्द्र सीसीटीवी से आच्छादित है।

➢ **परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु लगाये गये पुलिस बल का विवरणः-**

सहायक पुलिस आयुक्त	07
निरीक्षक	41
उप निरीक्षक	287
मुख्य आरक्षी/आरक्षी	783
महिला आरक्षी	187

उक्त के अतिरिक्त आर0टी0सी0 200, पी0ए0सी0 03 कम्पनी एवं आई0टी0बी0पी0 01 कम्पनी का भी कानून व्यवस्था के दृष्टिगत तैनात किया गया है।

➢ **उक्त के अतिरिक्त उडन दस्ता के रूप में पुलिस/मजिस्ट्रेट की कुल 09 टिमें गठित की गई है।**

➢ **उक्त परीक्षा हेतु परीक्षा से 01 दिवस पूर्व परीक्षा हेत जनपद में पहुचने वाले परीक्षर्थी को ठहरने हेतु निम्न स्थानो/विद्यालयो को चिन्हित किया गया हैः-**

सर्किल कोतवाली	अग्रसेन धर्मशाला मैदागिन
	माहेश्वरी धर्मशाला बुलानाला
	एमके धर्मशाला बुलानाला
	खुनखुन जी धर्मशाला अग्रसेन तिराहा
सर्किल दशाश्वमेध	जगनारायण इंटर कालेज लक्सा
	बेरीवाला धरमशाला लक्सा
	अग्रसेन महाजनी इंटर कालेज चौक
सर्किल चेतगंज	श्री कृष्ण धर्मशाला कैंट
	सरदार वल्लभ भाई पटेल धर्मशाला तेलियाबाग।
सर्किल पिण्डरा	विक्रमा प्रसाद सिंह महिला महाविद्यालय,बिरापट्टी(बड़ागांव)
	बलदेव पी जी कालेज, बड़गांव
	पंचायत भवन, मंगारी (फूलपुर)
	पंचायत भवन, नेवादा (फूलपुर)

➢ **कमिश्नरेट वाराणसी में उक्त परीक्षा के दृष्टिगत सुविधा हेतु हेल्प लाइन नम्बरः-9454401645 एवं 9454417477 निर्गत किया जाता है।**